हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 10 अक्टूबर 2025
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

13 विधायक ने किया नपं भखारा में अटल परिसर का लोकार्पण



14 मां अंगारमोती के दरबार पहुंचे बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर



## खबर संक्षेप

### कोसरिया मरार पटेल समाज की बैठक 12 को

**धमतरी।** कोसरिया मरार पटेल समाज जिला इकाई की बैठक 12 अक्टूबर को सुबह 11 बजे पटेल भवन आमापारा-जालमपुर धमतरी में होगी। बैठक में संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण, युवक-युवती परिचय सम्मेलन व पत्रिका विमोचन एवं बायोडाटा संकलन पर चर्चा होगी। समाजजनों से उपस्थिति की अपील जितेंद्र पटेल अध्यक्ष, दिलीप पटेल उपाध्यक्ष, पुरुषोत्तम पटेल सचिव, छबि पटेल कोषाध्यक्ष ने की है।

### सोरिद बस्ती में संघ का विजयादशमी उत्सव 11 को

**धमतरी।** सोरिद बस्ती द्वारा संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन का आयोजन 11 अक्टूबर



को दोपहर 2:30 बजे से दुर्गा मंदिर साहूपारा जोधापुर सोरिद (धमतरी) में रखा गया है। मुख्य अतिथि बसन्त कुमार देवांगन शिक्षक एवं समाजसेवक तथा मुख्य वक्ता धनेश्वर निर्मलकर जिला कार्यवाह धमतरी जिला होंगे। बस्ती प्रमुख रामकुमार साहू ने बताया कि विजयादशमी उत्सव संघ का प्रमुख वार्षिक पर्व है, जिसमें स्वयंसेवकों का पथ संचलन और मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। उन्होंने नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर राष्ट्र निर्माण के इस अभियान में सहभागी बनने का आग्रह किया है।

### जिले में हैं 13 वैध रेत खदान, नई नीति से अवैध रेत परिवहन को रोकने की कवायद

# अब रेत घाटों की होगी आनलाइन नीलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

रेत खदानों का आवंटन अब ई-नीलामी के माध्यम से किया जाएगा। इस प्रक्रिया में पारदर्शिता और प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए खनिज विभाग द्वारा एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से सभी चरणों को आनलाइन किया जा रहा है। इधर वर्षाकाल के दौरान जिले में बंद 13 वैध रेत घाट 15 अक्टूबर के बाद शुरू हो जाएंगे। वहीं पांच रेत खदानों की नीलामी के लिए जिलास्तरीय समिति ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है।

खनिज विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार ई-नीलामी प्रणाली से रेत खदान आवंटन की पूरी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सुगम होगी। आनलाइन नीलामी से छोटे-छोटे घाटों की नीलामी भी संभव है जिससे अवैध रेत उत्खनन पर प्रभावी रूप से रोक लगेगी। नये नियम के तहत रेत सप्लाई करने वाले व्यवसासियों को विभागीय पोर्टल पर आनलाइन पंजीयन कराना होगा ताकि रेत के अवैध परिवहन पर नियंत्रण रखा जा सके। इस पंजीयन के बाद रेत परिवहन करने वाले वाहनों और परिवहनकर्ताओं का भी आनलाइन पंजीयन होगा। उचित दर पर रेत उपलब्ध सुनिश्चित करने परिवहन का दर निर्धारण होगा। तीन से अधिक बार अवैध परिवहन करते पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

जिला खनिज अधिकारी हीरालाल भारद्वाज ने बताया कि एनजीटी के नियमों के तहत 15 जून से 15 अक्टूबर तक बंद सभी वैध रेत घाट 16 अक्टूबर से शुरू हो जाएंगे। आगामी समय में रेत घाटों की नीलामी आनलाइन एमएसटीसी पोर्टल के माध्यम से होगी। सरकार ने नई रेत नीति 2025 लागू की है, जिसका अध्ययन किया जा रहा है।



#### 16 अक्टूबर से वैध खदानों का संचालन शुरू

वर्षाकाल के दौरान जिले की सभी रेत खदानों को 15 जून से 15 अक्टूबर तक के लिए बंद कराया गया है। जिले में 13 रेत खदानें वैध हैं जिसमें धमतरी ब्लाक के दोनर, दर्री, लीलर, अरौद, मगरलोड ब्लाक के परेवाडीह, बुड़ेनी, गिरौद-1, गिरौद-2, चन्द्रसुर तथा कुरुद ब्लाक के मंदरौद, परखंदा, गाड़ाडीह, नारी की रेत खदानें शामिल हैं।

#### पांच रेत घाटों की होगी नीलामी

नई रेत नीति लागू होने के बाद कम रकबे वाले रेत घाटों को भी आनलाइन नीलामी के दायरे में लिया जाएगा। खनिज विभाग पहली बार धमतरी मुड़पार पंचायत की रेत खदान को ई-आक्सन के तहत नीलामी कराने की तैयारी कर रहा है। इसके अलावा तेन्दूकोन्हा (धमतरी), जोरातराई (कुरूद), सेलदीप (कुरूद) तथा डाभा (मगरलोड) के रेत घाट को नीलाम करेगा। इसके लिए 10 अक्टूबर को जिला स्तरीय समिति का बैठक रखी गई है।

# नाबालिग का अपहरण करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

- मारपीट कर नाबालिग को पुल के पास छोड़ दिया था
- बिरेझर पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नाबालिग बच्चे का इक्को कार की मदद से अपहरण कर उसके साथ मारपीट कर पुल के पास छोड़कर फरार हुए दो आरोपी को बिरेझर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार मंगलवार की रात्रि दो आरोपी ने बिरेझर चौकी क्षेत्र के ग्राम संकरी में एक नाबालिग बालक का इक्को वेन क्रमांक सीजी 04 क्यूएच 2857 से अपहरण कर लिया। आरोपी मोतीलाल बघेल उर्फ बल्ला व सागर कुमार बघेल उम्र 20 वर्ष राजिम क्षेत्र के ग्राम पटेवा जिला रायपुर निवासी ने नाबालिग से हाथ में पहने लोहे के चूड़े से मारपीट की। बुधवार को आरोपी अपहरण किए नाबालिग को ग्राम संकरी के पुल के पास घायल छोड़कर भाग गए। बिरेझर पुलिस ने नाबालिग का अपहरण व मारपीट करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को ग्राम गोजी क्षेत्र से इक्को वाहन सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त इक्को वाहन व लोहे का चूड़ा जब्त किया। इस मामले में पुलिस ने धारा 296(ख), 115(2), 137(2), 140(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी मोतीलाल बघेल उर्फ बल्ला व सागर कुमार बघेल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।



#### विवाद बना अपहरण का कारण

सूत्रों के अनुसार ग्राम संकरी में आयोजित कार्यक्रम देखने राजिम-पटेवा के कुछ युवक कार से आए हुए थे। लौटते समय कार सवारों का किसी बात को लेकर कुछ युवकों से विवाद हो गया था। लोगों का बीच-बचाव में आने के बाद विवाद शांत हो गया था। लेकिन कार सवार युवक कुछ देर बाद इसी विवाद को लेकर गांव के एक नाबालिग का अपहरण कर इक्को वेन में अपने साथ ले गए। नाबालिग से मारपीट करने के बाद दूसरे दिन उसे गांव के पुल के पास घायल छोड़ दिया था।

# जिले के छह थाना प्रभारी बदले गए



**एसआई व एएसआई का भी हुआ तबादला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

पुलिसिंग में और कसावट लाने के लिए साक्षात्कार और प्रदर्शन मूल्यांकन के आधार पर जिले में 6 थाना प्रभारी बदले गए हैं।

जिले में पुलिसिंग को और अधिक सशक्त व प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक द्वारा 6 थानों के थाना प्रभारी व अधिकारियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया गया है। पुलिसिंग में अनुशासन, उत्तरदायित्व और फील्ड एक्टीविटी को और अधिक सशक्त करने के उद्देश्य से यह बदलाव किया गया है ताकि जिले में अपराधों पर त्वरित नियंत्रण, कानून व्यवस्था की मजबूती तथा जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ सके। इस फेरबदल में खास बात यह है कि स्थानांतरण की प्रक्रिया को वस्तुनिष्ठ बनाने का प्रयास किया गया है। इसके अंतर्गत अपराध, शिकायत मर्ग, लघु अधिनियम इत्यादि की समीक्षा कर मूल्यांकन किया गया। उसके बाद प्रदर्शन, मूल्यांकन व साक्षात्कार के आधार पर स्थानांतरण आदेश जारी किया गया है।

जारी आदेश में निरीक्षक समीर तिवारी भखारा प्रभारी, राजेश जगत अर्जुनी थाना प्रभारी, प्रमोदकुमार अमलतास रक्षित केंद्र, शरद ताम्रकार को सिहावा थाना का प्रभार, चंद्रकांत साहू कुरूद थाना प्रभारी व रामकिशन मरकाम को दुगली थाना का प्रभार दिया गया है। इसी तरह उपनिरीक्षक सरिता मानिकपुरी सिटी कोतवाली, दसकुमार साहू मगरलोड, एएसआई अमित सिंह रूद्री, संतोष नेताम अर्जुनी व कांतिलाल साहू को अजाक थाना भेजा गया है। एसपी सूरजसिंह परिहार ने सभी नवनियुक्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखते हुए प्रभावी कार्रवाई करने निर्देशित किया है।

**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969



## खबर संक्षेप

### मेघा में 16 को लोकरंग अर्जुंदा की प्रस्तुति

**मगरलोड।** नवदुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड मेघा के तत्वावधान में 16 अक्टूबर की रात्रि में छत्तीसगढ़ी लोकरंग अर्जुंदा का कार्यक्रम रखा गया है। ज्ञात हो कि यह कार्यक्रम शरद पूर्णिमा पर्व पर आयोजित था, किन्तु अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर पुनः 16 अक्टूबर को रखा गया है। समिति के पदाधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से उपस्थिति की अपील की है।

### उड़ेना में कबड्डी स्पर्धा 11 को

**पुरी।** ग्राम उड़ेना में राज्य स्तरीय रात्रिकालीन ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता 11 अक्टूबर शनिवार को रखी गई है। प्रथम पुरस्कार 6001 रु., द्वितीय 400 1रु., तृतीय 2001रु, चतुर्थ पुरस्कार 1001 रु. तथा प्रवेश शुल्क 250 रु. रखा गया है। शुभारंभ के मुख्य अतिथि रामू सेहरा महापौर होंगे। अध्यक्षता अंगिरा ध्रुव जनपद अध्यक्ष धमतरी करेंगी। विशिष्ट अतिथि महेन्द्र पंडित जिला महामंत्री, गिरधर सार्वा सरपंच कण्डेल, सुभाष चन्द्राकर, नम्रता पालनहार जनपद सदस्य, रिंकू सेन पूर्व सरपंच सरसोंपुरी, वेदनाथ चन्द्राकर, अन्नु चन्द्राकर, डॉ. योगेश्वर साहू, ललिताराम साहू, भोजलाल साहू, प्रीतम साहू होंगे। समापन एवं पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी होंगे। अध्यक्षता विजय गायकवाड़ पूर्व जनपद सदस्य धमतरी करेंगे। विशिष्ट अतिथि तेजराम निर्मलकर सरपंच उड़ेना, जनमोहन नवरंगे उपसरपंच उड़ेना, ताजेन्द्र चन्द्राकर ग्राम पटेल, वेदनाथ चन्द्राकर, गणेशुराम डहरे ग्रामीण अध्यक्ष, इंदल निर्मलकर पूर्व सरपंच, सदानंद पूर्व सरपंच, गैंदलाल साहू, लक्की साहू, भोला साहू, प्रीतम साहू होंगे।

### श्रीराम गौशाला सिलीडीह में कन्या कौशल शिविर लगा

**धमतरी।** शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में ब्लाक स्तरीय कन्या कौशल शिविर श्रीराम गौशाला सिलीडीह में आयोजित किया गया। शिविर में 300 महिलाओं ने भाग लिया। मुख्य प्रवक्ता प्रांतीय नारी जागरण सहसंयोजिका रुक्मणि बंछोर ने परिष्कृत कन्या जीवन के सूत्र, स्वास्थ्य के सरल सूत्र, कन्या जीवन में तनाव व प्रबंधन, बुद्धि बढ़ाने के वैज्ञानिक तरीके के बारे में बताया। नारी स्वास्थ्य संबंधित जानकारी नीलम साहू ने दी। कार्यक्रम में कुरूद गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी श्रीमती साधना देवांगन, प्रांतीय जिला समन्वयक धमतरी लक्ष्मी साहू एवं कौशल साहू, श्रीमती सरिता सिन्हा, श्रीराम गौशाला प्रबंधक दुलार सिन्हा,जिला बाल संस्कार शाला प्रभारी बबीता साहू, श्रीमती दुर्गेश नंदिनी, योगेश्वरी निषाद, श्रीमती लता देवांगन, अमृता देवांगन समेत अन्य मौजूद थे।

जिले में हुआ सामाजिक अंकेक्षण एवं पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन

# दसवीं और बारहवीं की परीक्षा आपके जीवन की दिशा तय करती है : अबिनाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान अंतर्गत जिले की सभी शालाओं में सामाजिक अंकेक्षण एवं पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, परीक्षा परिणाम उन्नयन एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष चर्चा की गई। सामाजिक अंकेक्षण के सुचारू संचालन हेतु कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिला एवं विकासखण्ड स्तर के 168 अधिकारियों को संकुल स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किया था।

कलेक्टर श्री मिश्रा स्वयं शाउमावि लोहरसी पहुंचे और वहां



आयोजित सामाजिक अंकेक्षण एवं पालक-शिक्षक बैठक में शामिल

हुए। उन्होंने विद्यालय के पूर्व परीक्षा परिणामों की समीक्षा करते हुए असंतोष व्यक्त किया और आगामी परीक्षाओं में उल्लेखनीय सुधार लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। बच्चों की पढ़ाई में कोई भी कमजोरी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों के विद्यालयों में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम आ रहे हैं, तो जिला मुख्यालय के विद्यालयों में कमी क्यों रहे।

श्री मिश्रा ने विद्यार्थियों से तिमाही परीक्षा की जानकारी ली और उनके अध्ययन से जुड़ी कठिनाइयों के बारे में पूछा। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप सिर्फ पास होने के लिए नहीं, बल्कि मेरिट में स्थान बनाने के लिए अध्ययन करें। दसवीं और बारहवीं की परीक्षा आपके जीवन की दिशा तय करती है। जिला मिशन समन्वयक (समग्र शिक्षा) अनुराग त्रिवेदी ने परीक्षा परिणाम सुधार के लिए मार्गदर्शन दिया तथा पालकों की उपस्थिति में विद्यालय की गतिविधियों की समीक्षा की। कार्यक्रम में एपीसी प्रवीण साहू, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी लीलाधर चौधरी, बीआरसीसी ललित सिन्हा, संकुल समन्वयक दिनेश अग्रवाल, नोडल शिक्षिका श्रीमती मातेश्वरी दीवान, पालकगण एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## चरमुड़िया स्कूल के 31 छात्राओं को मिली साइकिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चरमुड़िया में राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत निःशुल्क सरस्वती साइकिल का वितरण कुल 31 छात्राओं को किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र पटेल, जनपद सदस्य उर्वशी जितेंद्र बांधेकर, सरपंच नीतू तेजेंद्र तोड़कर, प्रेमलाल निर्मलकर, भूमिका निर्मलकर, लोमश देवांगन, संस्था प्रमुख रामकृष्ण सिन्हा, पूर्व प्राचार्य एचपी शर्मा, साइकिल प्रभारी यशोदा साहू, निधि सोनी, नीरज शुक्ला, जेके साहू, सरिता चंद्राकर, भूमिका साहू, विद्या सोनी, ममता सोनटके, सुनीता ठाकुर, आशा देवांगन, लेखराम साहू, दिनेश दीवान, खुशबू साहू एवं स्टाफगण उपस्थित थे।

## जोरातराई स्कूल में शिक्षा गुणवत्ता की हुई जांच





हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला जोरातराई में शिक्षा गुणवत्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा पहली से आठवीं के बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता जांची गई। इंग्लिश बोलना, गणित हल करना एवं विभिन्न विषयों के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों से कई प्रश्न भी पूछे गए जिसका जवाब उन्होंने दिया। पूर्व माध्यमिक शाला टीम लीडर श्रीमती उषा साहू, प्राथमिक शाला जोरातराई में संतराम साहू टीम लीडरशिप की। मौके पर पूर्व माध्यमिक शाला से संतोष साहू, उत्तम ध्रुव, राजेंद्र साहू, प्रीतेश शर्मा, नंदकुमार देवांगन एवं प्राथमिक शाला से पुष्पा ठाकुर, प्रहलाद सोनकर, महेंद्र साहू, होचन्द डंडे, सरपंच पूर्णिमा साहू, ग्राम पटेल महेंद्र साहू, मानकलाल साहू, मानसिंह साहू, शैलेंद्र निर्मलकर, गोपाल बंदे, रविंद्र सेन, नीलम निर्मलकर, देवकुमारी साहू, ममता देवांगन, यामिनी यादव, भारती साहू, टिकेश साहू, जागेश साहू, यामिनी साहू, यमुना साहू, धनबाई साहू, मनीष साहू, भुवनेश्वरी साहू, रूक्मणी निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# ताम्रध्वज को रिसर्च कार्य के लिए महाराष्ट्र में मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

ब्लॉक के ग्राम बोड़रा निवासी ताम्रध्वज साहू ने अपनी रिसर्च फैलोशिप का कार्य पूर्ण कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में आयोजित लक्ष्य शिष्यवृत्ति 2024-2025 के मानवीयतापूर्ण आचरण अभ्यास दीक्षांत समारोह में ताम्रध्वज साहू को उनके शोध कार्य के लिए पांच प्रमाण पत्रों से सम्मानित किया गया। समारोह सौरव शैक्षणिक, सामाजिक बहुउद्देशीय संस्था और शेप फाउंडेशन आगरा के संयुक्त



तत्वावधान में आयोजित किया गया।

दीक्षांत समारोह का सबसे खास हिस्सा यह रहा कि रिसर्च फैलो ने केवल अपने अकादमिक शोध का सत्यापन ही नहीं किया, बल्कि मानवीयतापूर्ण आचरण के लिए सामूहिक दीक्षांत प्रतिज्ञा भी ली। यह इस बात का प्रतीक है कि लक्ष्य फैलोशिप केवल ज्ञान पर नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों पर भी समान रूप से जोर देती है।

ताम्रध्वज साहू ने सत्यापन प्रस्तुत कर विशेष दीक्षांत संकल्प में भाग लिया। उनके साथ निकिता बंसोड़, ऋतुजा पवार और अक्षय डोसे जैसे अन्य रिसर्च फैलो ने अपनी फैलोशिप यात्रा के अविस्मरणीय पल को साझा किया। समारोह में पद्मश्री पोपटराव पवार (आदर्श गांव हिवरेबाजार), बुलढाणा के जिलाधिकारी डॉ. किरण पाटिल (भाप्रसे) और संत गाडगे बाबा विद्यापीठ के कुलसचिव डॉ. अविनाश असनारे सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

पद्मश्री पोपटराव पवार ने युवाओं को तरुण वयात ध्येय निश्चीतीचे महत्व विषय पर मार्गदर्शन दिया। जिलाधिकारी किरण पाटिल ने भारतीय प्रशासकीय सेवेत अर्थशास्त्र, मानसशास्त्र व समाजशास्त्राचे महत्व पर अपने विचार रखे। कुलसचिव डॉ. अविनाश असनारेने विद्यापीठीय शिक्षणात दिनचर्येचे महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में रविकांत गौतमी कृषि उपसंचालक सेनि और श्रीराम नृसींहन मध्यस्थ दर्शन वरिष्ठ अध्येता ने भी महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखे।

## पीएमश्री शाला कठौली में हुआ समाजिक अंकेक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला कठौली में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता समाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम हुआ। पीएमश्री स्कूल में आयोजित समाजिक अंकेक्षण में बड़ी संख्या में पालकगण, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षक व छात्र-छात्राएं शामिल हुए। बच्चों से उनके स्तर अनुसार प्रश्न पूछे गये। इस अवसर पर गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं धमतरी ने बच्चों को न्योता भोज में खीर पूड़ी खिलाई। न्योता भोज पाकर स्कूली बच्चे प्रफुल्लित नजर आए।

कार्यक्रम में शाला विकास



प्रबंधन समिति अध्यक्ष गणेश साहू, उपाध्यक्ष लता, शिक्षाविद रुपकला साहू, पंच लीलेश्वर साहू, सेनि शिक्षक धरमदास मानिकपुरी, वरिष्ठ नागरिक छबिलाल साहू, देवनारायन सेन, जांचकर्ता नीतू साहू, शिक्षक यशवीर जांगड़े, ऋतुराज बसंत, लोकेश साहू, तुलसी साहू, शिक्षिका गुलायची, संगीता साहू, रसोईया अमृतबाई, प्रमिला साहू, तीजिया निषाद शामिल रहे। कार्यक्रम में प्रपा ललित साहू, समन्वयक दिनेश साहू, प्राचार्य एनके वर्मा का काफी सहयोग रहा।

## कोर्रा स्कूल में हुआ सामाजिक अंकेक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोर्रा में किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता का आकलन, विद्यार्थियों की सीखने की दक्षता का मूल्यांकन और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना रहा।

इस दौरान विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था, बच्चों की उपस्थिति, सीखने के स्तर, शैक्षणिक संसाधनों के उपयोग और विद्यालय वातावरण का सामूहिक मूल्यांकन किया गया। सामाजिक अंकेक्षण अधिकारी तीरथराम साहू एवं टीम ने विद्यालय



की प्रगति और सुधार के सुझाव भी प्रस्तुत किए और पुस्तकालय व स्मार्ट शाला का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि जगदीश्वर शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान का उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि प्रत्येक छात्र में गुणवत्तापूर्ण अधिगम सुनिश्चित करना है। विद्यालय स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के साथ सामुदायिक निगरानी भी इस प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा है। मौके पर सरपंच जमुना कामड़े, शाला विकास समिति अध्यक्ष ओंकार साहू, लीलाराम साहू, प्रभारी प्राचार्य भोजराज साहू, भावना कामड़े, मंजुबाला सहित अन्य मौजूद थे।

प्रतिवर्ष यहां के छात्रों का चयन राज्य स्तरीय खेल के लिए होता है

# मंदरौद स्कूल के आठ छात्रों ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶बगदेही(धमतरी)

शाउमावि मंदरौद में प्राचार्य एचबी कहार द्वारा शिक्षा के अलावा खेल गतिविधियों पर भी गंभीरतापूर्वक ध्यान दिया जाता है ताकि छात्र-छात्राओं के चहुंमुखी विकास के साथ साथ उनमें छुपी प्रतिभाएं सामने आ सके। प्राचार्य के मार्गदर्शन में व्यायाम शिक्षक द्वारा खेल के गुर सरल तरीके से सिखाए जाते हैं। जिसका सार्थक परिणाम भी आ रहा है। प्रतिवर्ष यहां के छात्रों का चयन राज्य स्तरीय खेल के लिए



होता है।

25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता रायगढ़ में 5 से 8 अक्टूबर तक आयोजित थी। जिसमें सॉफ्टबाल में छात्रों का चयन हुआ था। व्यायाम शिक्षक सीएल साहू ने बताया कि अंडर 14 बालक वर्ग में विवेक भारती व अंडर 14 बालिका वर्ग में यामिनी, लक्ष्मी, भगवती, अंडर 19 बालक वर्ग में गुलशन व खेमराज, अंडर 19 बालिका वर्ग में तारिणी व साधना का चयन राज्य स्तरीय खेल सॉफ्टबॉल के लिए हुआ था। सभी खिलाड़ी व्यायाम शिक्षक के साथ 3 अक्टूबर को रायगढ़ के लिए रवाना हुए थे। उक्त प्रतियोगिता में सभी छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंडर 14 बालक वर्ग ब्रांज मेडल, अंडर 19 बालक वर्ग में सिल्वर मेडल व अंडर 19 बालिका वर्ग में ब्रांज मेडल प्राप्त किया।

छात्र-छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष भारत सोनकर, सरपंच भीखम लहरे, मोतीराम साहू, थानूराम साहू, प्रेमचंद साहू, प्राचार्य एचबी कहार, डीके ठाकुर, एमके चंद्राकर, बीएल साहू, एचएल साहू, एचके हिरवानी, आरके निषाद, एनके ध्रुव, प्रियंका पटेल, जी निर्मलकर, एलके कश्यप, अमित ठाकुर, पूरन सोनकर, मनोज ध्रुव, लोकेश, हुमन चंद्राकर, केके साहू, बाबूलाल कंवर, कामेश्वर साहू, भीमराव मेश्राम, संकुल समन्वयक टीके साहू ने खुशी जाहिर की है।

### सुरक्षा गार्ड का मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण

**धमतरी।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में सुरक्षा गार्ड का प्रशिक्षण दिया जाएगा। लाईवलीहुड कॉलेज के सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि संबंधित पाठ्यक्रम में महाविद्यालय द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा तथा प्रशिक्षण के बाद स्थानीय स्तर पर रोजगार कर उपलब्धता के आधार पर नियोजन कराया जाना है। प्रशिक्षण में प्रवेश के लिए 18 से 45 वर्ष तक की आयु के कम से कम 8वीं पास ऐसे पुरूष आवेदक जिनकी न्यूनतम ऊंचाई 160 सेमी. हो, वे 14 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं।

## अंचल की खबरें

### प्रदेशाध्यक्ष से समाज के विकास पर की चर्चा



**मगरलोड।** छत्तीसगढ़ साहू संघ भामाशाह छात्रावास टिकरापारा कार्यालय में प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष नीरेंद्र साहू, प्रदेश साहू संघ सचिव प्रदीप साहू से जपं मगरलोड कृषि सभापति राजेश साहू, भाजपा मेघा मंडल पूर्व अध्यक्ष होरीलाल साहू ने मुलाकात कर समाज के विकास पर चर्चा की।

### रामलला दर्शन के लिए 30 यात्री रवाना



**मगरलोड।** छग शासन की तीर्थयात्रा योजना अंतर्गत 8 अक्टूबर को ब्लॉक मुख्यालय से 30 यात्री अयोध्या धाम हेतु रामलला दर्शन करने के लिए रवाना हुए। जनपद पंचायत क्षेत्र से 25 तथा नगर पंचायत से 5 यात्री शामिल हैं। जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, जिपं कृषि सभापति टीआर कंवर ने हरि झंडी दिखाकर यात्रियों को रवाना किया। इस अवसर पर पंचायत निरीक्षक दीपक भीमगंज, प्रदीप यादव सहित जनपद कर्मचारी शामिल रहे।

### दहदहा स्कूल में साइकिल का वितरण



**सिर्री।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दहदहा में निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत विद्यालय में अध्यनरत कक्षा 9 वीं की 8 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। विद्यालय का शैक्षणिक सामाजिक अंकेक्षण भी किया गया। कार्यक्रम में गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं धमतरी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने छात्राओं को कठिन परिश्रम कर अपने लक्ष्य की प्राप्ति करने हेतु प्रेरित किया। मौके पर हरि विश्वकर्मा अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, स्कूल प्रभारी प्राचार्य देवेंद्र पाल, देवकुमार चंद्राकर, कौस्तुक चंद्राकर, चिंताराम चंद्राकर सेनि शिक्षक, मनोज निषाद, संजय साहू, थानेश्वर चंद्राकर, देवराज चंद्राकर, शेखन निर्मलकर, टिकेंद्र चंद्राकर, नेमिन सिन्हा सरपंच मेंडरका समेत हितग्राही छात्राओं के पालक उपस्थित थे।

### चटौद स्कूल में साइकिल वितरण व सामाजिक अंकेक्षण हुआ





**जीजामगांव।** शासकीय हाईस्कूल चटौद में छग शासन की योजना के तहत निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया साथ ही विद्यालय में सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम भी हुआ। नोडल अधिकारी के रूप में मनोज टंडन प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़ेली थे। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सरपंच खेमचंद साहू, शिक्षाविद गैंदूराम ध्रुव, पालक सदस्य गुलाब साहू, टिकेश्वर साहू, नोमेद साहू, प्राचार्य एचआर मरकाम, व्याख्याता एसके कंवर, केपी साहू, प्रतीक तिवारी, धनेश्वरी साहू, सुकृति चंद्राकर उपस्थित थे।

### भुसरेंगा स्कूल में गुल्लक का वितरण



**डांडेसरा(धमतरी)।** शासकीय माध्यमिक शाला भुसरेंगा में प्रधानपाठक यूके कोसरिया ने शरद पूर्णिमा के अवसर पर शाला के सभी बच्चों को न्योता भोज के साथ गुल्लक का वितरण किया। बच्चों में बचत की भावना विकसित करने यह गुल्लक दिया गया। बच्चों को करियर गाइडेंस के बारे में भी बताया गया। सफलता का कोई शॉर्ट कट नहीं होता बल्कि कठोर अनुशासन, समय प्रबंधन और सतत प्रयास ही सफलता के द्वार खुलते हैं। सोशल मीडिया, नशापान से दूर रहने से ही मंजिल मिल सकती है। इस अवसर पर शाला के वरिष्ठ शिक्षक लोमश साहू, यामिनी देवांगन, गीता साहू, आरती आरती, दयाबाई नागरची, सीताबाई साहू व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### सोसाइटी अध्यक्ष ने स्कूली बच्चों को दिया न्योता भोज



**जीजामगांव।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कोंडापार में सामाजिक अंकेक्षण हुआ। कक्षा पहली से कक्षा आठवीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए जीवनलाल साहू सोसाइटी अध्यक्ष द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अंकेक्षक एवं शिक्षकगण भीम साहू सरपंच, मेघनाथ यादव उपसरपंच, शाला विकास समिति की अध्यक्ष श्रीमती लोमिन यादव व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### भखारावासियों ने पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवकों पर की पुष्प वर्षा



**धमतरी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भखारा मंडल द्वारा संघ का विजयादशमी उत्सव, शताब्दी वर्ष पर पथ संचलन किया गया। पूर्ण गणवेश में 90 स्वयंसेवक सरस्वती शिशु मंदिर भखारा मुख्य मार्ग से भठेली होते हुए नगर के हृदय स्थल रामलीला मैदान पहुंचे। इस दौरान नगरवासियों द्वारा चौक-चौराहों पर पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के अतिथि खण्ड संघचालक भागीरथी साहू सेनि कृषि विस्तारक अधिकारी, बिंझवार राम साहू व मुख्य वक्ता पोषण साहू जिला सामाजिक सद्भाव प्रमुख थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि देश में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसा कोई संगठन नहीं है जो निःस्वार्थ भाव से संपूर्ण मानव समाज के लिए सदैव कल्याण की सोच रखता हो। हम सभी को आज संघ के विचारों को समझने की आवश्यकता है। पथ संचलन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनमानस उपस्थित थे।

### जिपं सदस्य ने किया डाही स्कूल का निरीक्षण



**धमतरी।** जिला पंचायत सदस्य कविता योगेश बाबर ने विगत दिनों ग्राम डाही का दौरा किया। कुछ समय पहले उन्हें ग्रामवासियों एवं शाला प्रबंधन समिति ने अतिरिक्त कक्ष एवं पुराने भवन की छत व फ्लोरिंग के जर्जर होने की जानकारी दी थी। कविता बाबर ने जिला पंचायत की बैठकों में संबंधित विभाग का ध्यान आकर्षित कर तत्काल मरम्मत एवं निर्माण स्वीकृत कराने का प्रयास किया। स्वीकृति के बाद वर्तमान में कार्य पूर्ण होने पर उन्होंने स्कूल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सरपंच सुमन देवांगन, ढालेश देवांगन, परसराम ध्रुव, डोमार निषाद, तामेश्वर सिंह समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय गतका खेल में हिस्सा लेंगे धमतरी के नन्हे खिलाड़ी



**धमतरी।** धमतरी के खिलाड़ियों ने राज्यस्तरीय गतका खेल में हिस्सा लिया था जिसमें बेहतर प्रदर्शन और मेडल प्राप्त कर राष्ट्रीय खेल में अपना स्थान बनाया। खेल प्रशिक्षक टिकेश्वर निर्मलकर ने बताया कि अंडर आयु वर्ग 11 एवं 14 के नन्हे खिलाड़ी दिल्ली में हो रहे राष्ट्रीय गतका खेल में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। धमतरी गतका संघ के संरक्षक डॉ. सीएस चौबे, अध्यक्ष नीरज गायकवाड, क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, सहायक क्रीड़ा अधिकारी जेपी देव, नत्थूजी जगतात नगर पालिक निगम स्कूल की प्राचार्य डॉ. अन्नपूर्णा सिन्हा, गतका संघ के उपाध्यक्ष कुंदन सिंह ठाकुर, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी देवेंद्र यादव, सचिव वीरेंद्र यादव, क्रीड़ा भारती संघ के महामंत्री ननकू महाराज, देवेंद्र साहू, प्रशिक्षिका उन्नति साहू ने राष्ट्रीय खेल में हिस्सा लेने वाले धमतरी के नन्हे खिलाड़ी समीर साहू, रौनक साहू, दीकेंद्र साहू, नमन चक्रधारी, करण देवांगन, आकांक्षा बंजारे, अफ्फान रजा का हौसला बढ़ाया। ये खिलाड़ी राज्य का प्रतिनिधित्व दिल्ली में करेंगे। नेशनल सब जूनियर बालक बालिका गतका चैंपियनशिप दिल्ली में 10 अक्टूबर से होगी। प्रशिक्षक वीरेंद्र यादव एवं उन्नति साहू होंगे।

### स्वर्णकार समाज ने किया स्वयंसेवकों का स्वागत



**धमतरी।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 वर्ष होने पर धमतरी शहर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों द्वारा पथ संचलन किया गया। छत्तीसगढ़ स्वर्णकार समाज धमतरी द्वारा फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान समाज के पूर्व अध्यक्ष भरत सोनी, वर्तमान अध्यक्ष नंदकिशोर सोनी, कमलेश सोनी, हीरालाल सोनी, कन्हैया सोनी, बाली सोनी, पप्पू सोनी एवं गोवर्धन सोनी मौजूद थे।

### डोंगेश्वर धाम में स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन





**धमतरी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर धमतरी खंड के परसुली मंडल के अंतर्गत ग्राम डोंगेश्वर धाम देवपुर में शताब्दी वर्ष मनाया गया। परसुली मंडल के स्वयंसेवकों ने अनुशासित ढंग से पथ संचलन किया। मुख्य वक्ता हरिओम शर्मा कुटुंब प्रबोधन प्रमुख छत्तीसगढ़ थे। अध्यक्षता दयाराम साहू पूर्व प्रदेश महामंत्री साहू समाज ने की। सैकड़ों स्वयंसेवकों ने राष्ट्रभक्ति के साथ पूरे ग्राम में पथ संचलन किया। इस कार्यक्रम में डॉ अजय साहू खंड कार्यवाह, पदमन साहू मंडल कार्यवाह, गौतम साहू विभाग शारीरिक प्रमुख राजिम विभाग, दिलीप साहू, डॉ गोपीकृष्ण साहू, नेमचंद साहू, चेतन यदु पूर्व सरपंच, प्रीतम साहू, जयप्रकाश साहू, तिलकराम साहू, देवलाल साहू सरपंच, डॉ रामकृष्ण साहू, दीपेश यदु, घनानंद निषाद का योगदान रहा।

---

नगर विन्यास ऐसा हो कि लोग सोचे आज गांव कहां से कहां पहुंच गया : अजय

# विधायक ने किया नपं भखारा में अटल परिसर का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

नगर विन्यास या टाउन प्लानिंग ऐसी होनी चाहिए कि लोग यहां आए तो सोचे कि छोटे से गांव आज कहां से कहां पहुंच गए साथ ही यहां के नागरिक अब अपने आपको शहरी वातावरण में ढालें। क्योंकि कुरुद विधानसभा में जो भी विकासकार्य अब दिखेगा वह आने वाली पीढ़ी के लिए होगा। उक्त बातें पूर्व मंत्री, कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने नपं भखारा में नया बस स्टैंड के सामने अटल परिसर का लोकार्पण एवं अनेक विकासकार्यो का शिलान्यास करते हुए कही।

गुरुवार को विधायक चंद्राकर ने भखारा में नगर पंचायत द्वारा नया बस स्टैंड के पास 20 लाख रुपये की लागत से निर्मित भव्य अटल परिसर के साथ ही मुक्तिधाम 80 लाख एवं मंडी में शेड लगाने हेतु 16 लाख का शिलान्यास किया। उन्होंने जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि कुरूद और भखारा में विकास कार्यों की डाली जा रही नींव आने वाली पीढ़ी की बनेगी। भखारा में लाइलीवुड कॉलेज खुलेगा जिसके लिए सासी प्रशासकीय औपचारिकता पूरी हो गई है। नगर पंचायत में इंकम ऑफ सोर्स के लिए गार्डन को स्थान्तरित कर यहां व्यवसायिक काम्प्लेक्स बनाएं जिसके लिए सर्वसम्मति बने। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष सतीश जैन, जिपं सभापति पूजा राजू सिन्हा, नपं उपाध्यक्ष विष्णु साहू, आनन्द यदु, रवि सिन्हा, सिंधु बैस, पूर्णिमा साहू, रामगोपाल देवांगन, पंकज सिन्हा, हरीश चंद्राकर, छत्रपाल बैस, चोवाराम गंजीर, नेता प्रतिपक्ष अविनाश गौर, गौतम जैन, भीम साहू, भोलाराम साहू एवं पार्षदगण सहित बड़ी संख्या में जनप्रनिधि एवं गणमान्य नागरिक व अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे।





### कोसमर्रा में सड़क सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण

विधायक अजय चंद्राकर ने भखारा से पहले ग्राम पंचायत कोसमर्रा में सड़क सौंदर्यीकरण कार्य एवं लाखों के विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने सड़क, स्वास्थ्य, पानी की समुचित व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि कुरूद विधानसभा क्षेत्र में सारी सुविधाएं होंगी। उन्होंने एक दशक तक हुई गेप का जिक्र करते हुए कहा कि सत्ता में रहने के बाद भी इस क्षेत्र के विधायक रहे लेखराम साहू एवं कांग्रेसियों ने यहां विकास कार्यों के लिए कोई काम नहीं किए। पांच साल सत्तारूढ़ में रहते हुए भी सिलौटी में कॉलेज भवन तक नहीं बनवा पाए लेकिन अब जरूरी कार्य सांय सांय हो रहा है। उन्होंने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को हितग्राही एवं रोजगार मूलक कार्यों पर विशेष ध्यान देने की भी बात कही।

### कर्तव्य में लापरवाही पर इंजीनियर को दी नसीहत

इस दौरान विधायक ने नपं भखारा की महिला इंजीनियर ज्योति साहू की लगातार छुट्टी लेने की शिकायत पर उन्हें नसीहत देते हुए कहा कि आप हमेशा छुट्टी पर रहती हैं जबकि हमारे काम करने का तरीका तेज गति से चलता है जिसमे अवरुद्ध बर्दाश्त नहीं होगा। काम करना है तो ढंग से करें अन्यथा हमेशा के लिए छुट्टी ले लें, हमें कोई दिक्कत नही है। इससे पूर्व सीएमओ संतोष विश्वकर्मा ने प्रतिवेदन पठन किया। वहीं अध्यक्ष ज्योति जैन ने नपं के विकास को पंख लगाने वाले विधायक चंद्राकर के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि उनके आशीर्वाद से जनता के अनुरूप नगर को विकसित करने का प्रयास करेंगे। आभार व्यक्त हरख चंद जैन ने किया।

---

# हिंदू संगठन आज राष्ट्र की अनिवार्यता है : पोषण



- आरएसएस का सुंदरगंज बस्ती में विजयादशमी उत्सव, शस्त्र पूजन व पथ संचलन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सुंदरगंज वार्ड बस्ती द्वारा विजयादशमी उत्सव, शस्त्र पूजन, पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता पोषण साहू जिला सामाजिक सद्भाव प्रमुख ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना वर्ष 1925 में नागपुर के मोहिते बाड़े में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा की गई थी। उन्होंने शाखा के माध्यम से हिंदू समाज के संगठन का सूत्र दिया। हिंदू संगठन आज राष्ट्र की अनिवार्यता है।

उन्होंने बताया कि संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर देशभर में सात प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विजयादशमी उत्सव से शताब्दी वर्ष का शुभारंभ हुआ है। आगे गृह संपर्क अभियान, हिंदू सम्मेलन, युवा सम्मेलन, प्रबुद्ध जन गोष्ठी, सामाजिक सद्भाव बैठक एवं शाखा विस्तार जैसे कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम के अध्यक्ष रमेशचंद्र लुंकड़ ने अपने उद्बोधन में संघ के इतिहास, उद्देश्य एवं राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन बस्ती प्रमुख आशीष शर्मा ने किया। अन्य अतिथि तिलक भोई,

नंदू जसवानी, सुरेश, प्रिंस जैन, विनय जैन, डॉ. भूपेंद्र सोनी रहे। विशिष्ट अतिथि श्याम अग्रवाल जिला संघ चालक, रामलखन गजेंद्र नगर संघचालक, नागेंद्र वशिष्ठ, सहक्षेत्र बौद्धिक प्रमुख, घनश्याम साहू सह विभाग कार्यवाह राजिम विभाग थे। इस दौरान स्वयंसेवकों ने अनुशासन, एकता और देशभक्ति का अद्भुत परिचय दिया।

---

इस सत्र में नेत्रदान कर चुके 4 लोगों के परिवारजनों को किया गया सम्मानित

# विश्व दृष्टि दिवस पर 28 लोगों ने की नेत्रदान व देहदान की घोषणा





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

लोक कल्याण के लिए मरणोपरांत नेत्र व देहदान करने लोगों में जागरुकता बढ़ रही है। विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर 28 लोगों ने नेत्रदान व देहदान करने की घोषणा की है।

देश ही नहीं पूरी दुनिया में 9 अक्टूबर गुरूवार को विश्व दृष्टि दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह प्रति वर्ष दूसरे गुरुवार को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को नेत्र सुरक्षा के लिए जागरुक करना और नेत्र में होने वाली बीमारियों से बचने आवश्यक कदम उठाना है। इस अवसर पर नेत्र विभाग द्वारा जिला अस्पताल से जागरुकता रैली निकाली गई। रैली में रिलायंस, फ्लोरेंस व जीएनएस नर्सिंग कालेज के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विश्व दृष्टि दिवस पर इस बार थीम लव यूआर आईस, आंखों से प्यार करो रही। रैली के दौरान आंखों की देखभाल व दृष्टि की सुरक्षा के लिए लोगों को जागरुक किया गया।

जागरुकता रैली के बाद दोपहर में अस्पताल के ओपीडी भवन में संगोष्ठी व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सीएमएचओ व नेत्र चिकित्सकों ने आंखों का महत्व बताया। इस दौरान जिले के 28 लोगों ने नेत्रदान व देहदान करने की घोषणा की। विभाग द्वारा उनका सम्मान किया गया। इसी तरह इस सत्र में नेत्रदान कर चुके 4 लोगों के परिवारजनों को शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। वहीं नेत्रदान पखवाड़ा में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने वालों को भी सम्मानित किया गया। लोगों को नेत्रदान के लिए मोटिवेट करने वाले नेत्र सहायक कीर्तन साहू का भी सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में गुजरा ब्लाक के पांच नेत्र सहायक की सहभागिता रही। इस दौरान सीएमएचओ डा.यूएल कौशिक, सिविल सर्जन डा.अरूण टोंडर, आरएमओ डा.तेजस शाह, नेत्र विभाग के नोडल अधिकारी डा. राजेश सूर्यवंशी, डा.खालसा, नेत्र सहायक गुरुशरण साहू, अस्पताल सलाहकार गिरीश कश्यप सहित नेत्र विभाग के स्टाफ व अस्पताल के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### नेत्रों की देखभाल व सुरक्षा आवश्यक

सीएमएचओ डा.कौशिक ने बताया कि जनजागरुकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को बताया गया कि आंखों की देखभाल कैसी करनी है। दूर या निकट दृष्टि दोष की समस्या होती है। यह अधिक या कम उम्र में हो सकती है। जिसके लिए नेत्र चिकित्सक से नियमित जांच कराते रहना चाहिए। नेत्र चिकित्सक डा. राजेश सूर्यवंशी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य यही है कि लोगों को जितना हो सके, नेत्र के बारे में बताया जाए। आंखें मानव जीवन के लिए अमूल्य हैं जिससे लोग दुनिया को देख पाते हैं। इन दिनों नेत्र की समस्या काफी बढ़ गई है। जागरुकता कार्यक्रम के माध्यम से नेत्र को सुरक्षित रखने व उपचार के संबंध में बताया जा रहा है।

---

# डीकेएसएस महाविद्यालय में हुआ कंप्यूटर क्रांति पर वाद-विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव





दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में कंप्यूटर क्रांति पर बाद विवाद कार्यक्रम हुआ। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्र छात्राओं को कंप्यूटर के फायदे और नुकसान से अवगत कराना था। कंप्यूटर साइंस के दोनों सहायक प्राध्यापक डेविड कुर्रे और टाकेश्वर साहू ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपनी बातों को रखने का प्रयास किया।

पक्ष में डेविड कुर्रे ने बताया कि आज का समय कंप्यूटर का है, जहां हम एक छोटी सी घड़ी से लेकर बड़ी से बड़ी मिसाइल तक कंप्यूटर से संपादित कर रहे हैं। मेडिकल चिकित्सा, अंतरिक्ष कार्यक्रम, उद्योग जगत, विदेश नीति, कॉर्पोरेट, वाणिज्य, कला संगीत और ऐसे ही कितने क्षेत्र ऐसे हैं जहां पर कंप्यूटर से काम बहुत तेज गति से होता है। वहीं सोशल मीडिया के माध्यम से हम पूरी देश दुनिया और अपने लोगों से जुड़ पाए हैं। दूरियों के बावजूद कंप्यूटर क्रांति ने हमें नजदीक ला दिया है।

टाकेश्वर ने विपक्ष में अपनी बात रखते हुए कहा कि कंप्यूटर के आने से रोजगार छीन लिए गए। बेरोजगारी बेतहाशा बढ़ती जा रही है। शारीरिक श्रम करने वाले लोगों की डिमांड कम होती जा रही है। सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को वैचारिक रूप से प्रभावित कर आपस में लड़ाया जा रहा है। अश्लील चीजों से भरे साइट के कारण युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। आंखों की समस्या बढ़ गई है। दोनों सहायक प्राध्यापकों ने छात्र छात्राओं को इस बात से अवगत कराया कि आज के समय में कंप्यूटर जितना जरूरी है, उतना ही इसे चलाते वक्त सावधानी भी जरूरी है। इसलिए हमें इसका सदुपयोग करना चाहिए। सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी पृथ्वीराज ने बताया कि आज के समय में कंप्यूटर एक अच्छा नौकर है तो सबसे बुरा मालिक भी है, इसलिए इसे हमेशा नौकर बनाकर ही रखना चाहिए। अगर इसे मालिक बनाया तो ये हमारा चैन सुकून सब कुछ छीन लेगा। प्राचार्य सीआर यदु ने इस आयोजन की प्रशंसा की। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक वालेंदुसिंह राजपूत, अनिल जांगड़े, आरआर डिगरे, ऋतुराज साहू, लोकनाथ बैस, तेजराम साहू, लीना बैस, तारिणी साहू, एनएसएस प्रभारी पुष्पा दर्रो समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

---

# जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए कार्यकर्ताओं से लिए गए सुझाव

- संगठन सृजन कार्यक्रम अंतर्गत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी एवं बेलरगांव में बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

संगठन सृजन कार्यक्रम 2025 अंतर्गत जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पद के चयन प्रक्रिया के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेलरगांव में महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गईं।

बैठकों में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त संगठन प्रभारी रेहाना रियाज़ चिश्ती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर विधायक अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव, पूर्व विधायक गुरुमुखसिंह होरा, पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व विधायक अशोक सोम, जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी के अध्यक्ष शरद लोहाना, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी के अध्यक्ष भूषण साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेलरगांव के अध्यक्ष कैलाश प्रजापति सहित दोनों ब्लॉकों के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद चयन प्रक्रिया में कार्यकर्ताओं की राय, सुझाव एवं सहमति प्राप्त करना था। इस दौरान संगठन प्रभारी रेहाना रियाज़ चिश्ती ने दोनों ही ब्लॉक के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत संवाद करते हुए संगठन की मजबूती के लिए एकजुटता, अनुशासन और निष्ठा के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी का वास्तविक बल उसका संगठन है। संगठन सृजन अभियान के माध्यम से पार्टी का ढांचा और अधिक सशक्त, ऊर्जावान एवं जन-समर्थक बनेगा।

पूर्व विधायकों एवं वरिष्ठ नेताओं ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह संगठनात्मक प्रक्रिया कांग्रेस को नई दिशा और नई ऊर्जा प्रदान करेगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर कांग्रेस पार्टी को सशक्त बनाएं और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का संकल्प लें। बैठक के समापन पर दोनों ब्लॉक के कार्यकर्ताओं ने संगठन की एकता, निष्ठा और जनता की सेवा भावना को सर्वोपरि रखने का संकल्प दोहराया।

### साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खिले

**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरतुली में छत्तीसगढ़ शासन की सरस्वती निशुल्क साइकिल योजना अंतर्गत 29 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल गए। इस अवसर पर प्राचार्य टी आर नागवंशी, सरपंच उमेश्वर नेताम, शाला प्रबंध विकास समिति अध्यक्ष रोहित साहू, संकुल समन्वयक एलएन साहू, एमएस प्रधानपाठक केशव कुमार साहू, पीएस प्रधान पाठक दीनबंधु सिन्हा, आकाश गिरी गोस्वामी, अमित महोबे एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्राओं को तिलक लगाकर साइकिल प्रदान की।

### वृद्धाश्रम में फल वितरित, बुजुर्गों से लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महावद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के तहत एक सराहनीय पहल करते हुए रुद्री के जीवन संध्या वृद्धाश्रम में फल एवं अन्य सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने न केवल बुजुर्गजनों को सामग्री वितरित की बल्कि अनुसूची आधारित प्रश्नों के आधार पर उनसे आत्मीय संवाद भी किया और उनके जीवन के अनुभवों को समझने का प्रयास किया।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. अनिता राजपुरिया रहीं। उन्होंने वृद्धजनों से व्यक्तिगत रूप से हालचाल पूछा और गहरी संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग समाज की वह धरोहर हैं जिनका अनुभव नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।



**खबर संक्षेप**



## करवा चौथ व्रत आज बाजारों में चहल-पहल बिक्री में आई तेजी

**धमतरी।** करवा चौथ का व्रत आज शुक्रवार को मनाया जाएगा। व्रत को लेकर शहर में खासा उत्साह देखा जा रहा है। सुहागिन महिलाएं दिनभर निर्जला व्रत रखकर अपने पति की लंबी उम्र की कामना करेंगी और रात को चंद्रमा को अर्घ्य देकर उपवास तोड़ेंगी। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की तैयारी है और घरों में भी सजावट का माहौल है। व्रत के चलते बाजारों में दिनभर रौनक रही। मिट्टी और मिठाई के करवे की खरीदारी खूब हुई। कुंभकार परिवार द्वारा बनाए गए मिट्टी के करवे की भी अच्छी बिक्री हुई, जिससे वे उत्साहित हैं। किराना, जनरल स्टोर्स, पूजा सामग्री, सौंदर्य प्रसाधन और गिफ्ट दुकानों में ग्राहकों की भीड़ रही। ब्यूटी पार्लरों में महिलाओं की ग्रूमिंग के लिए खास तैयारी देखी गई। दुकानदारों के अनुसार इस बार बिक्री में बीते वर्षों की तुलना में बढ़ोतरी हुई है और उन्हें त्योहार से अच्छे व्यापार की उम्मीद है। नगर निगम और पुलिस प्रशासन ने साफ-सफाई और यातायात व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम किए हैं, ताकि व्रती महिलाओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर 12 को

**कांकेर।** आयुष विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव 2025 के उपलक्ष्य में क्षेत्र की नारी शक्ति को सम्मान में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार के केन्द्रीय लक्ष्य को पूर्ण करने 12 अक्टूबर रविवार को सुबह 9 बजे से शासकीय कोमलदेव जिला चिकित्सालय परिसर में एक दिवसीय निःशुल्क जिला स्तरीय आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में विशेष रूप से पंचकर्म सेवाएं, कपिंग थेरेपी, अग्नि कर्म पद्धति, एक्युपंचर चिकित्सा, एकल द्रव्य प्रदर्शनी, रक्त जांच एवं नेत्र जांच, स्वर्ण प्राशन, गैर संचारी रोग क्लीनिक की सुविधाएं उपलब्ध रहेगी।

## दस्तावेज सत्यापन 24 अक्टूबर को

**कांकेर।** जिले में संचालित आईसीटीसी केन्द्र में 01 रिक्त पद लैब टेक्नीशियन की भर्ती के लिए 24 अक्टूबर को प्रातः 10.30 बजे से अपरान्ह 04 बजे तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समयावधि पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन उसी दिन उपस्थित होकर कराना अनिवार्य होगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट पर उपलब्ध है।

## रोजगार मेला व प्रशिक्षण काउंसिलिंग आज होगी

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन के द्वारा जिले के बेरोजगारों को रोजगार एवं स्व-रोजगार से जोड़ने के लिए लाईवलीहुड कॉलेज कांकेर में जल वितरण संचालक, रिटेल सेल्स, सोलर पैनल तकनीशियन, असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, सुरक्षा गार्ड कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदाय के लिए 10 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से काउंसिलिंग का आयोजन जाएगा।

## जमीन विवाद पर मारपीट में दो चाचाओं पर मामला दर्ज

**कांकेर।** भोथा में जमीन को खाली करने की बात को लेकर रिश्तेदारों के मध्य विवाद हुआ। बातचीत से विवाद नहीं सुलने पर मारपीट में तब्दील हो गया। चाचा और भतीजा के मध्य मारपीट हो गई। भतीजे की शिकायत पर पुलिस ने चाचा पर मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। चारामा थाना में शिकायत करने पहुंचे भोथा निवासी जीवन लाल जैन ने पुलिस को बताया कि 6 अक्टूबर को दोपहर 3 बजें अपने खेत जा रहा था।

### 1991-92 में नहर निर्माण हेतु अधिग्रहित भूमि अब सिंचाई विभाग के नाम दर्ज होना शुरू

# नगरी क्षेत्र में 33 वर्ष बाद शासन ने शुरू की जमीन वापसी की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

33 वर्षों से लंबित एक महत्वपूर्ण राजस्व मामला आखिरकार सुलझने की दिशा में बढ़ चला है। वर्ष 1991-92 में सिंचाई विभाग द्वारा नहर निर्माण के लिए अधिग्रहित की गई भूमि जिनका मुआवजा किसानों को दिया जा चुका था, अब आखिरकार राजस्व अभिलेखों में विभाग के नाम दर्ज होना शुरू हो गया है। इस ऐतिहासिक कार्य का श्रेय समाजसेवियों, पत्रकारों और प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रियता को जाता है।

नगरी के समाजसेवी जितेंद्र (गोलू) मंडावी और स्थानीय पत्रकारों ने लंबे समय से इस विषय को उठाया। उन्होंने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, एसडीएम प्रीति दुर्गम, तहसीलदार शिवेंद्र सिन्हा और सीएमओ यशवंत वर्मा से लगातार मुलाकात कर आवेदन दिए और मामले की गंभीरता बताई। लगातार दो महीनों की मेहनत के बाद प्रशासन ने इस पर गंभीर पहल शुरू की, जो अब मूर्त रूप लेने लगी है।



प्रीति दुर्गम
एसडीएम नगरी



शिवेंद्र सिन्हा
तहसीलदार नगरी



बलजीत छाबड़ा
अध्यक्ष नपं नगरी



यशवंत वर्मा
सीएमओ नपं नगरी



गोलू ध्रुव
आदिवासी युवा नेता

**एसडीएम, तहसीलदार और नगर पंचायत की सख्त कार्रवाई से फर्जी खरीद-बिक्री और अवैध निर्माण पर लगी रोक**

### 33 साल पुरानी गलती का सुधार

वर्ष 1991-92 में सिंचाई विभाग ने चुरियारा माइनर और नगरी माइनर नहरों के निर्माण के लिए किसानों की भूमि अधिग्रहित की थी। मुआवजा मिलने के बावजूद तकनीकी कारणों से उन जमीनों का स्वामित्व राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं हो सका। इस प्रशासनिक चूक का फायदा उठाकर कुछ भू-माफियाओं ने उन जमीनों की फर्जी खरीद-फरोख्त और अवैध निर्माण तक शुरू कर दिए थे। जब यह मामला समाजसेवियों और पत्रकारों के संज्ञान में आया, तो उन्होंने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर कठोर कार्रवाई की मांग की।

### प्रशासन की त्वरित कार्रवाई

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम और तहसीलदार नगरी को तत्काल जांच एवं भूमि अभिलेख दुरुस्तीकरण के निर्देश दिए। एसडीएम प्रीति दुर्गम ने सिंचाई विभाग से पुराने अभिलेख मंगवाकर दुरुस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू कराई। तहसीलदार शिवेंद्र सिन्हा के अनुसार बंदोबस्त के बाद खसरा नंबर बदल जाने से पहले रिनंबरिंग की गई और अब तक चार भूमि स्वामियों की जमीनें सिंचाई विभाग के नाम दुरुस्त की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि अन्य खसरा नंबरों का कार्य भी तेज़ी से जारी है।

### नगर पंचायत की सख्त भूमिका

नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने स्पष्ट किया कि सिंचाई विभाग या शासकीय जमीनों पर बिना अनुमति कोई निर्माण नहीं किया जा सकेगा। ऐसे किसी भी प्रकरण में नगर पंचायत एनओसी जारी नहीं करेगी। वहीं सीएमओ यशवंत वर्मा ने बताया कि नहर किनारे निर्माण करने वालों को पहले ही दो नोटिस दिए जा चुके हैं। अब उनसे डायवर्सन, नक्शा और ब्लूप्रिंट जैसे जरूरी दस्तावेज मांगे गए हैं। दस्तावेज पूर्ण होने पर ही एनओसी दी जाएगी।

### जनहित और पारदर्शिता की जीत

आदिवासी युवा नेता जितेंद्र गोलू ध्रुव ने कहा कि यह सिर्फ जमीन का मामला नहीं, बल्कि जनहित और पारदर्शिता की जीत है। प्रशासन ने 33 साल पुरानी गलती सुधारकर न्याय की दिशा में ठोस कदम बढ़ाया है। इससे भोले-भाले लोगों की मेहनत की कमाई को धोखाधड़ी से बचाने में मदद मिलेगी।

### आगे की राह

एसडीएम प्रीति दुर्गम ने बताया कि चुरियारा माइनर के 71 और नगरी माइनर के 54 खसरा नंबरों की दुरुस्ती का कार्य जारी है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि जांच पूरी होने तक इन जमीनों पर कोई भी नया निर्माण कार्य न किया जाए और रजिस्ट्रार केवल संबंधित पटवारी व तहसीलदार की रिपोर्ट मिलने के बाद ही रजिस्ट्री करें। नगरी क्षेत्र में 33 वर्ष बाद शासन की यह ठोस पहल न केवल प्रशासनिक जवाबदेही का उदाहरण है, बल्कि जनहित और पारदर्शिता की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम भी है।

# मां अंगारमोती के दरबार पहुंचे बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर



- धर्मांतरण देश की सबसे बड़ी बीमारी : पं.धीरेंद्र शास्त्री
- पिछड़े हिन्दुओं को गले लगाकर आगे बढ़ाने की जरुरत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गुरुवार को बागेश्वर धाम सरकार के पं. धीरेंद्र शास्त्री गंगरेल स्थित मां अंगारमोती के दरबार पहुंचे। उन्होंने वनदेवी मां अंगारमोती की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर पुजारी ईश्वर नेताम, तुकाराम मरकाम ने माता की चुनरी की पगड़ी पंडितजी को पहनाई।

पं. धीरेंद्र शास्त्री छत्तीसगढ़ प्रवास पर थे। रायपुर गुढ़ियारी में बसंत अग्रवाल द्वारा आयोजित पांच दिवसीय हनुमंत कथा 4 से 8 अक्टूबर तक करने के बाद 9 अक्टूबर को वे कांकेर की भुनेश्वरी देवी के दर्शन के लिए पहुंचे। वापसी के दौरान मां अंगारमोती के दरबार पहुंचकर पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद मांगा। उन्होंने धर्मांतरण के मुद्दे पर कहा कि हिन्दुओं को स्वजागृत होना पड़ेगा। किसी के रोकने पर धर्मांतरण नहीं रूकेगा। यह देश की सबसे बड़ी बीमारी है। धर्मांतरण पर कठोर कानून बनना चाहिए। जातिगत भेदभाव को मिटाकर पिछड़े हिन्दुओं को गले लगाकर आने बढ़ाने की जरूरत है। हिन्दू राष्ट्र के लिए वे प्रयत्न कर रहे हैं। फल देना भगवान का काम है। पं. शास्त्री देवी दर्शन कर रायपुर के लिए रवाना हुए।

इस अवसर पर बसंत अग्रवाल रायपुर, सूरज शर्मा, ऋषभ गांधी, उमेश साहू, मोनिका देवांगन, देशांत लोढ़ा, ऋषभ देवांगन, सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी, आरआई दीपक शर्मा समेत पुलिस बल मौजूद थे। इस दौरान पीठाधीश्वर श्री शास्त्री ने हिन्दुत्व एवं सनातन को मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मेघराज ठाकुर, पिंटू यादव, तल्लीनपुरी गोस्वामी, कुलेश सोनी, शैलेष रजक, विभा चंद्राकर, अनिता अग्रवाल, सरिता यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**न्याय न मिलने पर जिला स्तरीय आंदोलन की दी चेतावनी**

# आदिवासी महिला को न्याय दिलाने बेलरगांव बंद रहा

- आदिवासी समाज ने आरोपी भाजपा नेता की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी





आदिवासी महिला को न्याय दिलाने की मांग को लेकर गोंडवाना समाज सेवा समिति (युवा प्रभाग) के नेतृत्व में आदिवासी समाज ने बेलरगांव बंद रखा एवं धरना-प्रदर्शन किया। साथ ही आदिवासी महिला के साथ हुए कथित छेड़छाड़ और दुष्कर्म प्रयास के आरोपी मनोहरदास मानिकपुरी (पदच्युत अध्यक्ष, भाजपा मंडल बेलरगांव) की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।

सुबह से ही बाजार, दुकानों, परिवहन और सरकारी संस्थानों को पूरी तरह बंद रखकर समाज के लोगों ने प्रशासन के प्रति अपना रोष प्रकट किया। आंदोलन के दौरान भारी संख्या में समाज के सदस्य, महिलाएं और युवा सड़कों पर उतरे और नारेबाजी करते हुए न्याय की मांग की। धरना स्थल पर समाज के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि आदिवासी समाज अपनी माताओं-बहनों के सम्मान से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन को राज्यस्तर तक विस्तारित किया जाएगा। यह पूरा मामला 3 अक्टूबर की रात का है जब आरोपी ने कथित रूप से महिला के घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास किया था। पीड़िता द्वारा 7 अक्टूबर को थाना बोराई में एफआईआर दर्ज कराने के बाद भी आरोपी की अब तक गिरफ्तारी नहीं होने से समाज में गहरा आक्रोश है। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह केवल एक महिला के साथ अन्याय नहीं, बल्कि पूरे आदिवासी समाज की अस्मिता पर प्रहार है। उन्होंने कहा कि जब तक पीड़ित महिला को न्याय नहीं मिलता, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा।

सभा में विधायक अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, प्रमोद कुंजाम, वेदप्रकाश मांडवी, सुरेश कोर्राम, राजेश मरकाम, दिनेश मांडवी, पोखन नेताम, चैतन नेताम, सुभाष सौरी सहित बड़ी संख्या में गोंडवाना समाज के सदस्य, महिला मंडल और युवा वर्ग शामिल हुए। समाज के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की कि आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर सख्त सजा दी जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति आदिवासी समाज की महिलाओं के सम्मान से खिलवाड़ करने की हिम्मत न कर सके।

## मोंगरागहन में संघ का पथ संचलन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मोंगरागहन कोड़ेगांव डुबान मंडल खंड धमतरी द्वारा विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन का आयोजन 10 अक्टूबर शुक्रवार को किया जा रहा है। संघ के बस्ती प्रमुखों ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का स्थापना वर्ष 1925 है और गत 99 वर्षों से यह संगठन व्यक्तित्व निर्माण के माध्यम से समाज परिवर्तन का कार्य कर रहा है। इस वर्ष संघ अपना 100 वां स्थापना दिवस मना रहा है। इसी क्रम में मोंगरागहन बस्ती में विजयादशमी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 3 बजे रंगमंच शीतला मंदिर के पास मोंगरागहन में होगा। मुख्य वक्ता मोहनलाल साहू प्रांत सह सेवा प्रमुख होंगे। अध्यक्षता हुमन सिंह मंडावी सेवानिवृत्त जेल प्रभारी करेंगे।

## महापौर सहित भाजपाइयों ने लिया आशीर्वाद



बागेश्वरधाम सरकार के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री ने मां अंगारमोती के दर्शन किए। वहां से वापसी के दौरान अम्बेडकर चौक वार्ड में महापौर रामू रोहरा, भाजपा प्रदेश कार्यालय सह मंत्री प्रीतेश गांधी, निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा, पार्षदों सहित गणमान्य नागरिकों ने पं. धीरेंद्र शास्त्री का स्वागत किया तथा उनका आशीर्वाद लेकर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की।













